संकलित मूल्यमापन - 1 : 2018-19

कक्षा - सातवीं विषय - प्रथम भाषा (हिंदी)

प्रश्न-१. निम्नलिखित शब्दों को सुनो और लिखो : (अंक-५)

१) २)

३) ४)

५) ६)

७) ८)

९) १०)

प्रश्न-२. निम्नलिखित परिच्छेद ध्यानपूर्वक पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो :

अब तीसरे शिष्य की बारी थी। उसका कहना था, "इस दौलत को फिर उसी जमीन में गाड़ दिया जाए।" इस तरह कोई उस धन को लेने के लिए तैयार नहीं हो रहा था। ज्ञानीजी निराश हो गए फिर उन्हें एक आशा की किरण दिखाई दी। उनकी आँखों में चमक आ गई। उन्होंने प्रसन्न मुद्रा में अपने सबसे छोटे शिष्य से पूछा, "यदि तुम मेरी जगह होते तो कैसा न्याय करते ?"

शिष्य का यह भोला भाला उत्तर गुरुजी को पसंद आया, "मेरी आत्मा कहती है कि धरती माँ ने यह दौलत किसी शुभ कार्य या लोकहित के लिए दी है। क्यों न इस विस्तृत भूखंड में ऐसा सदाबहार बाग लगाया जाए जिससे तमाम लोगों को फल, पंछियों को बसेरा और पथिकों को मुफ्त में छाया मिल सके।

(अ) अब किस शिष्य की बारी थी? उचित पर्याय को गोल करो। (अंक १)

१) पहले २) दूसरे ३) तीसरे

(ब) ज्ञानी जी ने प्रसन्न मुद्रा में किस शिष्य से और क्या पूछा? (अंक २)

उत्तर:-

(क) शिष्य की आत्मा के अनुसार यह दौलत धरती माँ ने किसलिए दी है? (अंक २)

उत्तर:-

प्रश्न-३. निम्नलिखित परिच्छेद ध्यानपूर्वक पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो।

आज उसका परीक्षाफल निकला था। कक्षा में हमेशा की तरह शेखर प्रथम आया था परंतु द्वितीय स्थान पर अपना नाम सुनकर चंदन की आँखों से



Scanned by CamScanner

खुशी के आँसू निकल पड़े। हमेशा किसी तरह से पास होने वाला वह कक्षा में पोजीशन ले आएगा, कौन कल्पना कर सकता था?

खुशी से उछलता हुआ चंदन घर पहुँचा तो उसके माता-पिता बेसब्री से उसकी प्रतीक्षा कर रहे थे। अपना परीक्षाफल पिताजी को देकर चंदन बोला, "पिताजी यह देखिए इस जादुई अँगूठी का कमाल। आपके रुपये बरबाद नहीं गए। मैं कक्षा में द्वितीय आया हूँ।" पिता ने उठकर उसे गले लगा लिया और बोले, "बेटा, जादू इस अँगूठी में नहीं था। जादू तो था तेरी मेहनत में। तुम्हारी मेहनत का जादू ही आज रंग लाया है।"

(अ) हमेशा की तरह कौन कक्षा में प्रथम आया था? उचित पर्याय को गोल करो (अंक-१)

<१> शेखर <२> चंदन <३> पवन

(ब) खुशी से उछलता हुआ चंदन कहाँ पहुँचा? घर पर चंदन की कौन प्रतीक्षा कर रहे थे? (अंक-२)

उत्तर:-

(क) पिता ने चंदन को गले लगाकर क्या कहा? (अंक-२)

उत्तर:-

प्रश्न:(४) निम्नलिखित परिच्छेद ध्यानपूर्वक पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो:

अमेरिका के वैज्ञानिक टामस एल्वा एडिसन ने सन् 1894 में चलचित्र का आविष्कार किया। उस समय मूक फिल्में ही बनती थीं। कुछ वर्षों बाद फिल्म में वाणी देने में डाउस्टे नामक वैज्ञानिक ने सफलता प्राप्त की। अमेरिका से इंग्लैंड होता हुआ चलचित्र भारत में पहुँचा। भारत को चलचित्रों की दुनिया में प्रवेश कराने वाले 'दादा साहेब फाल्के' थे। जिन्होंने सन् 1913 में पहली भारतीय फिल्म 'हरिश्चंद्र' बनाई थी जो मूक थी। बोलती फिल्म "आलमआरा" सन् 1931 में मुंबई में बनी थी। आज हालीवुड के पश्चात् भारत फिल्म बनाने में दूसरा स्थान रखता है।

(अ) टामस एल्वा एडिसन ने किस सन् में चलचित्र का आविष्कार किया? उचित पर्याय को गोल करो। (अंक-१)

<१> 1784 <२> 1894 <३> 1994

(ब) भारत को चलचित्रों की दुनिया में प्रवेश कराने वाले कौन थे? पहली भारतीय फिल्म कौन थी? (अंक-२)

उत्तर:-



कृ.प.उ.

Scanned by CamScanner

(क) सन् 1931 में बनने वाली बोलती फिल्म कौन थी? फिल्म बनाने में हॉलीवुड के बाद भारत का कौन सा स्थान है? (अंक-2)

उत्तर:-

प्रश्न(5) निम्नलिखित कविता को ध्यानपूर्वक पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो:

जहाँ पढ़ाया जाता केवल माँ की खातिर मर जाना
जहाँ सिखाया जाता केवल करके अपना वचन निभाना
जियो शान से, मरो शान से, जहाँ का है कौमी गाना
बच्चा-बच्चा पहने रहता जहाँ शहीदों का बाना
उस धरती के अमर सिपाही पीठ दिखाना क्या जानें
मेरे देश के लाल हठीले शीश झुकाना क्या जानें।

(अ) भारतवर्ष में किसकी रक्षा के लिए प्राण देने का पाठ सिखाया जाता है? उचित पर्याय को गोल करो। (अंक-1)

(1) माँ की (2) कुत्ता की (3) बिल्ली की

(ब) हमारे देश का कौमी गाना क्या है? (अंक-2)

उत्तर:

(क) इस देश का हर बच्चा किसकी पोशाक पहने रहता है? हमारे देश के अमर सैनिक युद्धभूमि में क्या नहीं दिखा सकते? (अंक-2)

उत्तर:

प्रश्न-(6) निम्नलिखित प्रश्न के सभी उपप्रश्नों के उत्तर लिखो:

(अ) निम्नलिखित वाक्यों में उद्देश्य और विधेय अलग करके तालिका में लिखो। (अंक-2)

1- हिमालय देश का गौरव है।
2- चींटियाँ पेड़ पर चढ़ रही हैं।

उत्तर:-

| उद्देश्य | विधेय |
|---|---|
| | |
| | |

Sundaram
FOR EDUCATIONAL USE



Scanned by CamScanner

(ख) निम्नलिखित कोष्ठक में दिए गए शब्दों में से तत्सम और देशज प्रकार के दो-दो शब्द छाँटकर लिखो : (अंक-2)
(रसमलाई, पिताश्री, झाड़ू, दमड़ी, पुस्तक, कन्या)

उत्तर : तत्सम शब्द : ____________

देशज शब्द : ____________

(ग) निम्नलिखित वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़ो और अधोरेखित शब्दों में से संज्ञा के भेद पहचानकर लिखो : (अंक-2)

1. लड़की कक्षा सातवीं में पढ़ती है।
2. [illegible] बीच देश बड़े हैं।

उत्तर : 1. ____ संज्ञा

2. ____ संज्ञा

(3)(1) निम्नलिखित शब्दों में से प्रयुक्त प्रत्यय अलग करके लिखो। (अंक-2)

| शब्द | प्रत्यय |
| --- | --- |
| पराधीनता | ____________ |
| रखवाला | ____________ |

(2) निम्नलिखित वाक्य में प्रयुक्त मुहावरे के स्थान पर उचित समानार्थक मुहावरे को कोष्ठक में से प्रयुक्त कर दुसरा वाक्य लिखो। (अंक-1)
(श्रीगणेश करना, गदगद होना)
इस वर्ष परीक्षा में प्रथम स्थान लाने पर मैं फूला न समाया।

उत्तर :- ____________

(4)(1) निम्नलिखित वाक्य के अधोरेखित शब्द का लिंग परिवर्तित कर वाक्य पुनः लिखो। (अंक-1)
सफेद घोड़ी तेज दौड़ती है।

उत्तर :- वाक्य :- ____________

(2) निम्नलिखित वाक्य किस प्रकार का (सरल, संयुक्त या मिश्र) है उसे पहचानकर वाक्य के सामने लिखो।
बीते वसंत में मेरा परिवार बढ़ा और मैं भी दो बच्चों की माँ बनी।

उत्तर :- ____________ (अंक-1)



Scanned by CamScanner

प्रश्न:(6) निम्नलिखित प्रसंग के आधार पर संवाद तैयार करके लिखो : (अंक 5)
(एक दिन बाजार में पॉलिथीन और कपड़े की थैलियाँ मिलीं। दोनों में उनकी उपयोगिता, मांग व प्रतिबंध पर वार्तालाप हुआ। पॉलिथीन व कपड़े की थैली में क्या वार्तालाप हुआ इसकी कल्पना करकेसंवाद लिखो।)

उत्तर:-

FOR EDUCATIONAL USE
Sundaram®

Scanned by CamScanner

⑥

प्रश्न(८) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर कल्पना करके अपनी भाषा में निबंध लिखो। (अंक-५)

१- यदि परीक्षाएँ न होतीं तो.....

२- यदि मैं शिक्षक होता तो......

३- यदि एक दिन के लिए यातायात के सभी साधन बंद रहें तो....

४- मेरा प्रिय त्योहार

५- स्वच्छ भारत अभियान

उत्तर:-

Sundaram®
FOR EDUCATIONAL USE

Scanned by CamScanner

⑤

⑦

प्रश्न (९) इस वर्ष आपकी पाठशाला में स्वतंत्रता दिवस किस प्रकार मनाया गया? इसका वर्णन करते हुए अपने मित्र को पत्र लिखो।

(अंक - ५)

उत्तर:-

Sundaram©
FOR EDUCATIONAL USE
Scanned by CamScanner

मौखिक परीक्षा

प्रश्न-१०. निम्नलिखित परिच्छेद ध्यानपूर्वक पढ़ो : (अंक-५)

देश को स्वतंत्र कराने में जिन महान् नेताओं ने विशेष योगदान दिया, उनमें सुभाषचंद्र बोस का नाम चिरस्मरणीय है। सुभाषचंद्र बोस के इस नारे से उत्साहित होकर, " तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूँगा " हजारों देशवासी स्वतंत्रता संघर्ष में कूद पड़े थे। वे कहा करते थे ; " मैं रहूँ न रहूँ आजाद रहे हिंदुस्तान मेरा " और सचमुच हिंदुस्तान तो आजाद हो गया पर वे आज तक नहीं आए।

सुभाषचंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को कटक में हुआ। इनके पिता जानकीदास बोस अपने समय के प्रसिद्ध वकील थे। इनकी प्रारंभिक शिक्षा कटक में ही हुई। सन् 1913 में इन्होंने मैट्रिक पास की। इसके पश्चात उच्च शिक्षा के लिए ये कोलकाता चले गए।

प्रश्न-११. उपरोक्त परिच्छेद पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर बताओ : (अंक-५)

प्र.१. सुभाषचंद्र बोस ने कौन सा नारा दिया? ①

प्र.२. सुभाषचंद्र बोस का जन्म कब और कहाँ हुआ था? ②

प्र.३. सुभाषचंद्र बोस के पिताजी क्या थे? ①

प्र.४. सुभाषचंद्र बोस ने कब मैट्रिक पास की? ①

प्रश्न-१२. श्रुतलेखन के शब्द :-

| | |
|---|---|
| १- जादुई | २- नमस्कार |
| ३- झीलका | ४- अवकाश |
| ५- प्राकृतिक | ६- निरीक्षण |
| ७- पीलिया | ८- अभिनेता |
| ९- ईमानदार | १०- चकाचौंध |

FOR EDUCATIONAL USE

Sundaram

क्र.प.उ.



Scanned by CamScanner

नाम:- लालमोहन एच. यादव
कक्षा:- सातवीं विषय- प्रथमभाषा (हिंदी)
शाला का नाम:- सुभाषनगर मनपा उ.प्रा. हिंदी शाला चेंबूर मुं. 71.
मोबाइल नं. 9869697899.

FOR EDUCATIONAL USE

Scanned by CamScanner